हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

11 कैंब्रिज स्कूल में हुई तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत



12 स्टेडियम से व्यायामशाला हटेगी व नाहरा नाहरी रोड...




# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

ADVT.





## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। कूड़ा घर में लगी आग।

### कचरे में लगाई जा रही आग

**बहादुरगढ़।** इलाके में प्रदूषण की समस्या के चलते आबो हवा स्वच्छ नहीं है। प्रदूषण संकट के बीच जगह जगह जलाया जा रहा कचरा भी दम घोंट रहा है। अक्सर कचरे के ढेरों में आग लगी देखी जा रही है। बीती रात को रोहतक-दिल्ली रोड पर देवीलाल पार्क के पास बनाए गए अस्थाई कूड़ा घर में भी आग लग गई। लोगों की नजर पड़ी तो स्थिति संभाली गई और आग बुझाई गई।

### लगातार घट रहा तापमान, बढ़ रही ठंड

**बहादुरगढ़।** तापमान गिरने के साथ ठंड धीरे धीरे बढ़ रही है। वीरवार को इलाके में अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान आठ डिग्री रहा। सुबह, शाम के वक्त सर्दी बढ़ रही है। लोगों के पहनावे व खानपान में बदलाव आ गया है। सुबह के वक्त पार्क व स्टेडियम में घूमने वालों की संख्या में भी कमी आने लगी है। बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ रही है।

### 205 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को दबोचा

**बहादुरगढ़।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत एंटी नारकोटिक सेल ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ गांजा के साथ काबू किया। आरोपी को बाग वाला मोहल्ला में पुरानी मस्जिद के पास से काबू किया गया। उसके पास से 205 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अजय निवासी बालोर चुंगी को काबू किया गया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है।

### स्कार्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार तीन घायल

बहादुरगढ़। नयागांव में जगन्नाथ मंदिर के निकट स्कार्पियो व स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों की पहचान मुकेश, विजय व तुषार के रूप में हुई है। हादसा एक दिसंबर को हुआ था ल लेकिन घायल ने स्वास्थ्य में सुधार होने पर अब शिकायत दी है। लोवा खुर्द के निवासी मुकेश का कहना है कि वह नयागांव में अपने दोस्त विजय के पास गया हुआ था। फिर हम दोनों स्कूटी पर सवार होकर विजय के मामा के लड़के को लेने सोलधा चले गए। वापसी में स्कूटी मैं चला रहा था। जब नयागांव में जगन्नाथ मंदिर के निकट पहुंचे तो बाईपास की तरफ से एक स्कॉर्पियो गाड़ी आई और सीधी हमारी स्कूटी में टक्कर मारी। टक्कर में मुझे, विजय व तुषार को काफी चोट आई। हादसे के बाद गाड़ी चालक भाग गया। परिजनों ने हमें अस्पताल में भर्ती कराया।

## पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर ढाई घंटे बाद खुला जाम

# ट्राले की चपेट में आने से महिला की मौत, भड़के ग्रामीणों ने लगाया जाम

रोषित ग्रामीण बीच सड़क पर बैठकर ब्रेकर बनवाने व मृतका की पुत्री को सरकारी नौकरी देने की मांग करने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव छुछकवास में दादरी मार्ग पर ट्राले की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 35 वर्षीय रेखा पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। वीरवार सुबह करीब आठ बजे हुए इस हादसे के बाद रोषित ग्रामीणों ने दादरी मार्ग पर जाम लगा दिया। रोषित ग्रामीण बीच सड़क पर बैठकर ब्रेकर बनवाने व मृतका की पुत्री को सरकारी नौकरी देने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर एसीपी अनिरुद्ध, एसडीएम अंकित चौकसे व मातनहेल से बीडीओ अंजलि शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद मृतका की पुत्री के नाम पेंशन ट्रांसफर कराने व उसे सरकारी नौकरी दिलाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। इस बीच पुलिस ने शव को कब्जे लेकर उसे एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। ऐसे में करीब ढाई घंटे रास्ता बाधित रहा। जाम लगने के कारण दादरी मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारे लग गईं और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जब काफी देर तक जाम नहीं खुला तो कई वाहनों को अपना रूट भी डायवर्ट करना पड़ा।





झज्जर। छुछकवास के दादरी मार्ग पर जाम लगाए बैठे ग्रामीण व जाम खुलवाने के लिए ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

**स्पीड ब्रेकर न होने से भी हो रहे हादसे**

*ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पहले स्पीड ब्रेकर बने हुए थे जिन्हें बाद में तोड़ दिया गया। स्पीड ब्रेकर न होने से गांव के अंदर से होकर गुजरने वाले वाहन तेज गति से निकलते हैं जिस कारण हादसे होते रहते हैं। ग्रामवासियों द्वारा पिछले लंबे समय से बाईपास बनाने की मांग भी उठाई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक बाईपास का निर्माण न हो तब तक भारी वाहनों के आवागमन पर समय सीमा का निर्धारण करना चाहिए ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।*



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान उपस्थित पुलिस एवं परिजन।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि रेखा दो बच्चों की मां थी। उसके पति ओमप्रकाश पुलिस विभाग में थे। कुछ वर्षों पहले हुई पति की मौत के बाद उनकी पेंशन के सहारे ही रेखा बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। मृतका की पुत्री संजू की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## पीड़ित को थर्ड डिग्री टॉर्चर का वीडियो भेजकर भी डराया

# ठग ने डीएसपी बनकर छात्र को किया डिजिटल अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शातिर साइबर ठग ने नकली डीएसपी बनकर बहादुरगढ़ के निवासी एक युवक को डिजिटल हाउस अरेस्ट कर लिया। एक युवती की आत्महत्या के केस में उलझाने, गिरफ्तार करने और थर्ड डिग्री की वीडियो भेजकर पीड़ित को डरा धमकाकर उससे एक लाख 17 हजार 840 रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात लाइनपार के निवासी हिमांशु के साथ हुई है। हिमांशु का कहना है कि वह रोहतक से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा है। गत 15 नवंबर को वह अपने घर पर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान करीब चार बजे मेरे पास एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को डीएसपी बताया और कहा कि तुम पर एक केस है। किसी लड़की ने तुम्हारे कारण आत्म हत्या कर ली है। उस लड़की के माता, पिता तुम पर केस दर्ज करवा रहे हैं, जिससे तुम्हें लंबे समय के लिए जेल जाना पड़ेगा। साथ ही मुझे अपने साथ लगातार फोन पर बने रहने के लिए कहा और ये भी कहा कि बचने के लिए तुम्हें पैसे भेजने पड़ेंगे। शातिर फर्जी डीएसपी ने उसे इस कद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित किया कि वह पूरी तरह से उसकी जकड़ में आ गया। शातिर के कहे अनुसार, पीड़ित ने अपने पिता के खाते 17 बार ट्रांजेक्शन कर एक लाख 17 हजार 840 रुपये ट्रांसफर कर दिए। हिमांशु ने कहा कि शातिर आरोपी ने उसे एक थर्ड डिग्री टॉर्चर का एक वीडियो भी भेजा था और कहा कि तुम्हारे साथ भी ऐसा होगा। डरा धमका कर शातिर ने उससे ठगी की। बाद में आभास हुआ तो पुलिस को शिकायत दी।

**युवती के आत्महत्या केस में गिरफ्तार करने का भय दिखाकर ऐंठे एक लाख 17 हजार रुपये**

### शार्ट सर्किट से कैंटर में लगी आग चालक ने कूद कर बचाई जान

**झज्जर।** ग्वालिसन से छुछकवास जाने वाले मार्ग पर मारौत गांव के नजदीक एक कैंटर में अचानक आग लग गई। कैंटर चालक को जब पता चला तो वाहन रोकते हुए तुरंत नीचे कूद गया। इसके बाद उसने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल केंद्र के कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे की मक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यूपी के एटा जिला निवासी कैंटर चालक अरविंद ने बताया कि उसने थोड़ी देर पहले गाड़ी में तेल भरवाया था। अभी वह कुछ ही दूर आया था कि अचानक उसे इंजन से धुंआ निकलते हुए देखा तो वह तुरंत गाड़ी साइड में लगाकर कूद गया। उसके बाद आग और अधिक भड़क गई। जिसके उपरांत उसने पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों को सूचित किया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव रोहद के निकट फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पीजीआई रोहतक में रखवाकर पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। एक राहगीर की शिकायत पर इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

घटना बुधवार रात की है। दरअसल, हाइवे पर बने फ्लाईओवर पर एक युवक किसी वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक तुरंत वहां से चंपत हो गया। मौके पर राहगीर जुट गए। भीड़ में शामिल बिहार मूल के चंदन ने लोगों की मदद से घायल को संभाला और उसे पीजीआई में भर्ती करा दिया। उपचार के दौरान सुबह घायल ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

इसके बाद मृतक युवक को भर्ती कराने वाले चंदन से संपर्क किया और उसके बयान लिए। चंदन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी पीएसआई आकाश का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। उसके पास से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज या सामान बरामद नहीं हुआ है। शव को 72 घंटे के लिए शवगृह में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आरोपी वाहन चालक का भी पता लगाया जा रहा है।

### दादरी तोए बस स्टैंड पर मिला प्रवासी श्रमिक का शव, आज होगा पोस्टमार्टम

**झज्जर।** गांव दादरी तोए में बस स्टैंड पर एक प्रवासी मजदूर का शव मिला है। राहगीरों ने जब शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई थी जिसके बाद वे शाम करीब पांच बजे अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान यूपी के गांव प्रतापुर जिला संभल निवासी करीब 26 वर्षीय होरीलाल पुत्र गंगा सहाय के तौर पर हुई है। होरीलाल पिछले कई माह से यहां दादरी क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। देर शाम होने के चलते शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया जाएगा। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### माइनर में मिला अधेड़ का शव

बहादुरगढ़। रोहद के निकट एनसीआर माइनर में एक व्यक्ति का शव मिला। शव कई दिन पुराना है और पूरी तरह से सड़ चुका है। आसौदा थाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना वीरवार सुबह की है। दरअसल, रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में रेलवे पुल के पास कचरे में शव अटका हुआ था। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव माइनर से बाहर निकाला गया। इसके बाद नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया। जांच अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। पूरी तरह से सड़ चुका है। प्रथमदृष्टया डूबकर मौत होने की आशंका है। हालांकि मौत के असल कारणों की पुष्टि तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगी। फिलहाल 72 घंटे के लिए बॉडी अस्पताल में सुरक्षित रखवा दी गई है। इस समयावधि में पहचान के प्रयास किए जाएंगे। तमाम, चौकी थानों में सूचना जारी कर गुमशुदा लोगों का डेटा जुटाया जा रहा है।



**बहादुरगढ़।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से प्रशंसा पत्र प्राप्त करते डॉ. गौरव अग्रवाल। फोटो: हरिभूमि

### केंद्रीय मंत्री से सम्मानित हुए डॉ. अग्रवाल

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं उद्यमी डॉ. गौरव अग्रवाल को आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री मांझी ने बताया कि डॉ. अग्रवाल की आयुर्वेदिक दवा के माध्यम से मधुमेह से उत्पन्न गैंगरीन के मरीजों को उपचार का सुरक्षित और प्रभावी विकल्प मिला है। कई ऐसे रोगी, जिनके लिए बड़े अस्पतालों में अंग-विच्छेदन ही एकमात्र उपाय बताया जा रहा था, आज बिना सर्जरी पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आयुर्वेद की क्षमता को नई दिशा देती है।

## सीआईटीयू के कर्मचारी भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे, नारेबाजी की

# लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीणों सफाई कर्मचारियों द्वारा लघु सचिवालय पहुंच कर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों के समर्थन में सीआईटीयू के कर्मचारी भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे। यहां एकत्रित होकर कर्मचारियों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के लिए आवाज उठाई। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सुनील ने की जबकि संचालन जिला सचिव संदीप कुमार मारौत द्वारा किया गया। संदीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार अपने वायदों व घोषणाओं से बार-बार मुकर रही है।

बीते वर्ष जींद में आयोजित डीएससी समाज के महासम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की घोषणा की जो अब तक लागू नहीं हो पाई। उनकी मुख्य मांगों में पॉलिसी बनाकर सभी सफाई कर्मियों को पक्का करना, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मियों का 26 हजार रुपए और शहरी क्षेत्र के सफाई कर्मियों का 27 हजार रुपए वेतन लागू करना, वेतन को महंगाई भत्ते के साथ जोड़ना, एक्सग्रेसिया नीति लागू करना, कर्मचारी की मृत्यु उपरांत उसके परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा और नौकरी, सेवानिवृत्ति लाभ, ग्रामीण सफाई कर्मियों को ग्राम पंचायत की बजाय बीपीपीओ के पे-रोल पर लिया जाना, ऑनलाइन हाजिरी पर पूर्ण रूप से रोक लगाना, सुपरवाइजर भर्ती कर ऑफलाइन हाजिरी का प्रावधान करना, वेतन का भुगतान हर माह की सात तारीख को, ईपीएफ व ईएसआई की सुविधा, वर्ष 2023 की हड़ताल के दौरान का बकाया वेतन का भुगतान करना, वर्दी भत्ता, सफाई भत्ता और औजारों के भत्ते में वृद्धि करना, दीपावली पर बोनस व अनाज खरीदने के लिए बगैर ब्याज के 24 हजार रुपए की राशि मुहैया कराए जाना शामिल है।

सीआईटीयू नेता किरण बरहाना ने भी संबोधित किया। इसके उपरांत कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन डीडीपीओ निशा तंवर को सौंपा। मौके पर मातनहेल ब्लॉक प्रधान राम भगत, अशोक बिरोहड़, धर्मपाल खाजपुर, अशोक गोरिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।





**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए किरण बरहाना व डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो आरोपी वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने हादसे के बाद 3 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई थी। जांच के बाद पुलिस ने फतेहपुरी निवासी सुरेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। 10 नवंबर को हुए सड़क हादसे में बावल थाना पुलिस ने यूपी के जामो निवासी सुशील को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### बाल सुधार गृह भेजा मारपीट का आरोपी

**बावल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नवंबर माह में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 10 नवंबर को कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट व हरिजन एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया। उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया। वहां से मिले आदेशानुसार आरोपी को फरीदाबाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इस मामले में कई आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं।

### गैंबलिंग एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गैंबलिंग एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुरूग्राम के नाहरपुर निवासी मदन सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जैसे ही उसने सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 2800 रुपये राशि बरामद हुई। बाद में आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### हत्या के मामले में आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने 17 अक्टूबर को हुई हत्या के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। एचएसएनसीबी की टीम ने बीते सप्ताह नशीले पदार्थ के साथ मोहल्ला बलभद्र सराय निवासी शिवम को गिरफ्तार किया था। उसे सिटी पुलिस के हवाले किया गया था। आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर उसके खिलाफ कई केस पहले से दर्ज पाए गए। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। अब आरोपी को एक बार फिर से हत्या के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ईडन गार्डन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सात को

**रेवाड़ी।** सामाजिक संस्था ह्यूमन हेल्प वेल्फेयर ट्रस्ट और लायन क्लब रेवाड़ी पॉजिटिव हेल्थ की ओर से संयुक्त रूप से 7 दिसंबर को मनचंदा ईडन गार्डन सोसायटी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। आयोजन टीम के सदस्य एवं ट्रस्ट के संस्थापक बलजीत सैनी ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मौके पर रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोसली।** डीएवी महिला महाविद्यालय कोसली में वीरवार को साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कांस्टेबल अनु ने छात्राओं को साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं और युवा पीढ़ी पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने साइबर अपराध से सावधान रहने की अपील की।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बीते साल दर्ज किए धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

---

*विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया*

# कैंब्रिज स्कूल में हुई तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भागीदारी करें


झज्जर। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए जूनियर विंग के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में वीरवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत की गई। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में निदेशक धर्मेंद्र जून ने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, टीम भावना और खेल-कूद के प्रति रुचि भी विकसित करते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी उत्साह के साथ भागीदारी करें। पहले दिन जूनियर विंग के खिलाड़ियों के बीच बैलून बैलेंस रेस, सिंपल रेस, प्रोग्रेस रेस, कोन रेस, लेमन एंड स्पून रेस, फ्रॉग जंप, हॉपिंग रेस आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिताओं का संचालन शिक्षिका अनु व तुसिका द्वारा किया गया। इस मौके पर विंग हेड ज्योति यादव, अमिता, प्रियंका, कविता, कीर्ति, ज्योति, प्रीति शर्मा, संगीता, सुषमा, डीपीई सोमवीर व जयभगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### नेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में एचडी के तेरह विद्यार्थी चयनित

**झज्जर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित नेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के तेरह विद्यार्थियों ने लेवल-टू के लिए क्वालिफाई किया है। अर्थशास्त्र प्राध्यापिका प्रियंका जाखड़ ने बताया कि बीते एक दिसंबर को आयोजित इस नेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में देशभर से करीब एक लाख 52 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। लेवल-टू में चयनित विद्यार्थियों में कार्तिक, लक्की, ऋषभ, नैंसी, मयंक, जयंत, कोमल, दृष्टि, अंकिता, दीपक, तरुण, दीक्षा व तमन्ना शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव सचिव हेमंत गुलिया, विशाल नेहरा व प्राचार्य सतबीर सिंह ने सभी क्वालिफाइड विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे पर खेल स्पर्धा आयोजित

**झज्जर।** स्थानीय सवेरा स्कूल में वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे के अवसर पर खेलों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बतौर मुख्य अतिथि खेलों का शुभारंभ किया। सीजेएम विशाल ने कहा कि खेलों के माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बच्चों को खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। इस दौरान 25 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर 200 मीटर दौड़ साइकिलिंग प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस तथा बैलून एक्टिविटी शामिल की विधाएं आयोजित की गई। बच्चों ने खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# समाधान शिविरों में 5323 शिकायतें हुई प्राप्त

## शिविर में 127 शिकायतें पेंडिंग


झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

■ विभागीय अधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में बिजली, पानी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व मामलों, पेंशन, अवैध कब्जों, स्वच्छता, सड़क संबंधी समस्याओं सहित कई विषयों से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुई। डीसी ने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में 5323 शिकायतें प्राप्त हुई हैं,केवल 127 शिकायतें पेंडिंग हैं। विभागीय अधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

# आपकी पूंजी-आपका अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आज

**झज्जर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित आपकी पूंजी-आपका अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पीएनबी के अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि पुरानी तहसील रोड स्थित रेड क्रॉस भवन परिसर में प्रातः साढ़े ग्यारह बजे आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन नागरिकों को जानकारी उपलब्ध कराना है, जिनकी अथवा जिनके पूर्वजों की राशि पिछले 10 वर्ष या अधिक समय से बैंकों में अनक्लेम्ड अमाउंट के रूप में पड़ी हुई है। आरबीआई एवं बैंक नियमों के अनुसार यदि किसी खाते में 10 वर्षों तक कोई लेन-देन नहीं होता तो वह राशि अनक्लेम्ड श्रेणी में चली जाती है। ऐसे धन की जानकारी प्राप्त करने या दावा करने के अधिकार बारे आमजन को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। पीएनबी आरसेटी के निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि कार्यक्रम में अनक्लेम्ड राशि की पहचान, अपने या अपने पूर्वजों के नाम की राशि की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया, आरबीआई के यूडीजीएएम पोर्टल पर उपलब्ध विवरण देखने व बैंकों से राशि प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# झज्जर जिले को रोहतक डाक प्रभाग से अलग न करे सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। सांसद दीपेंद्र हुड्डा को ज्ञापन देते हुए प्रतिनिधिमंडल सदस्य। फोटो :हरिभूमि

जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली निवास पर मुलाकात कर झज्जर जिले को रोहतक डाक प्रभाग से अलग करके नारनौल-महेंद्रगढ़ डाक प्रभाग में स्थानांतरित करने से स्थानीय लोगों को होने वाली व्यावहारिक परेशानियों के बारे में बताया। सांसद ने केंद्रीय संचार मंत्री के संज्ञान में पूरा मामला लाया और झज्जर जिले को रोहतक डाक प्रभाग में ही पूर्ववत रखते हुए इस प्रस्ताव को रद्द करने का अनुरोध किया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि झज्जर जिले को नारनौल-महेंद्रगढ़ डाक प्रभाग में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव अव्यावहारिक है। ऐसा होने से स्थानीय जनता एवं विभागीय कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और लंबी दूरी के कारण निरीक्षण, मॉनिटरिंग, विभागीय कार्य निष्पादन में देरी, अनावश्यक बोझ और जनता की परेशानी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले को लंबे समय से रोहतक डाक प्रभाग के अंतर्गत ही डाक सेवाएं प्राप्त होती रही हैं। रोहतक से झज्जर की दूरी केवल 30-35 किलोमीटर है जबकि नारनौल-महेंद्रगढ़ की दूरी 90-120 किलोमीटर तक है। इस आधार पर भी झज्जर को रोहतक से अलग करना किसी भी दृष्टिकोण से व्यावहारिक नहीं है।

### नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरुक


झज्जर। ग्रामीणों के समक्ष नाटक की प्रस्तुति देते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा वीरवार को क्षेत्र के गांव बिसहान में नाटक के माध्यम से किशोरियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। संस्था सदस्य ममता ने बताया कि नाटक में दिखाया गया कि लड़कियों को अपनी पढ़ाई में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और लोग भी उनके रास्ते में बाधाएं बन जाते हैं। लेकिन किशोरी द्वारा लगातार अभिभावकों के समक्ष अपनी बात रखने के बाद बाधक भी साधक बन जाते हैं और उसका सहयोग करने लगते हैं। अध्यापिका पूनम ने ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए संस्था सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रूढ़िवादी सोच ने महिलाओं और लड़कियों को घर तक सीमित कर दिया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाएं तथा उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग दें।

# रेवाड़ी, नाहड़ व बावल में स्थापित होगी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ डीसी अभिषेक मीणा ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 योजना के अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने के उद्देश्य से डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रेवाड़ी, नाहड़ और बावल ब्लॉक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने पर निर्णय लिया गया। डीसी ने यूनिट स्थापित करने को लेकर पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि सरकार की ओर से प्लास्टिक वेस्ट का पूर्ण रूप से निस्तारण को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित कराई जा रही है। इन यूनिट को स्थापित करने का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करना, उसका वर्गीकरण करना और उसे पुनर्चक्रण या अन्य उपयुक्त तकनीकों के माध्यम से निपटाना है।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, डीडीपीओ एचपी बंसल व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से एसडीओ जयप्रकाश सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

### आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल


छात्र आदिश जैन

**नारनौल।** आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजनीतिक एजेंडा सेटिंग में प्रिंट मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. अमित

*प्रिंट मीडिया न केवल सूचना देता है बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, सार्वजनिक बहस और राजनीतिक पारदर्शिता को दिशा प्रदान करता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉक्टर अमित एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमित भारद्वाज ने किशनलाल पब्लिक कॉलेज में आयोजित एक विस्तार व्याख्यान में कहा कि बदलते राजनीतिक परिवेश में प्रिंट मीडिया की विश्लेषणात्मक और विश्वसनीय भूमिका पहले की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह व्याख्यान राजनीति विज्ञान विभाग और पत्रकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डॉक्टर अमित ने कहा कि डिजिटल माध्यमों पर सूचनाएं तेज गति से प्रसारित होती हैं, जिससे तात्कालिक प्रभाव तो पड़ता है लेकिन सत्यापन और परिप्रेक्ष्य का अभाव अक्सर देखने को मिलता है। इसके विपरीत प्रिंट मीडिया आज भी तथ्यों की पुष्टि, संदर्भ-निर्माण और गहन विश्लेषण के लिए समाज का भरोसेमंद माध्यम है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एजेंडा सेटिंग यानी किस मुद्दे को प्राथमिकता दी जाए, इसका मूल आधार लंबे समय से प्रिंट मीडिया ही निर्धारित करता आया है। डिजिटल युग में भी इसका यह प्रभाव निरंतर बना हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रिंट मीडिया न केवल सूचना देता है बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, सार्वजनिक बहस और राजनीतिक पारदर्शिता को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे प्रिंट मीडिया की अध्ययनशीलता और भाषा की परिशुद्धता से सीख लेते हुए अपने लेखन को मजबूत करें।

# सचिव व सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

*सीजेएम वर्मा ने कहा कानूनी सहायता और सेवाओं के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया जाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र में लोगों को जानकारी देते सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की डॉन योजना ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने वीरवार को नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। केंद्र में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं वोकेशनल कॉउंसलर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में फिलहाल 8 रोगी हैं। काउंसलर संदीपा की ओर से रोगियों की समय समय पर काउंसलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है।

# रसियावास पर डाला जा रहा कूड़ा, लगा रहे कचरे में आग, आसपास के लोगों के लिए बनी आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल


बावल। आग लगाने के बाद उठ रहा धुआं दिखाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका से लेकर उद्योगों तक का कचरा रसियावास फाटक के पास डाला जा रहा है। इस कचरे में मौका मिलते ही लोग आग लगा देते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को धुएं और प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। फाटक के पास रहने वाले रणजीत, कर्मबीर, सुनील, भूपसिंह, महाबीर, कुलदीप, सुमेर सिंह, विजय कुमार, अजीत और विनोद आदि ने बताया कि फाटक के पास आए दिन भारी मात्रा में कचरा डाल दिया जाता है। यहां बने तालाब को भी कचरे से ढक दिया गया है। इससे तालाब में दलबदल बना हुआ है।

**जानलेवा बन चुका कूड़े से भरा जोहड़**

लोगों ने बताया कि फाटक के पास बना जोहड़ कूड़ा डालने के बाद दलदल का रूप ले चुका है। इसमें पशु तो गिरकर दम तोड़ते ही रहते हैं, गत दिनों एक युवक की भी दलदल में फंसकर मौत हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन लोगों की समस्या का नजरअंदाज कर रहा है।

## स्टेडियम से व्यायामशाला हटेगी व नाहरा नाहरी रोड वाला पुराना गेट होगा बंद

### बास्केटबॉल प्लेयर अमन की मौत के कई दिन बाद अब शिक्षा विभाग हरकत में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बास्केट बॉल प्लेयर अमन की मौत के कई दिन बाद अब शिक्षा विभाग हरकत में आया है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां जर्जर भवन में चल रही व्यायामशाला को विस्थापित किया जाएगा। साथ ही नाहरा-नाहरी रोड की तरफ लगे पुराने गेट को बंद किया जाएगा और रेलवे रोड की तरफ वाले मेन गेट का पुनर्निर्माण किया जाएगा। दरअसल, रेलवे रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक हुई।

- स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

प्रिंसिपल मंजू रानी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा, सुविधाओं और स्कूल परिसर के सौंदर्यकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि स्कूल में बने नए कमरों के सामने बरामदे में ग्रिल लगवाई जाए और सीढ़ियों पर पत्थर लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। खराब हो चुके सीसीटीवी कैमरों की जगह नए कैमरे लगाए जाएंगे ताकि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में स्थित व्यायामशाला का भवन और सीढ़ियां जर्जर अवस्था में हैं, इसलिए इसे वहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया जाए। समिति ने कहा कि यह व्यायामशाला स्कूल प्रबंधन की अनुमति के बिना संचालित हो रही है। रेलवे रोड की ओर बना मुख्य द्वार भी खराब स्थिति में है। इसके पुनर्निर्माण और सौंदर्यकरण का प्रस्ताव पास किया गया। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने इस कार्य की जिम्मेदारी ली। सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार नाहरा-नाहरी रोड की ओर नया प्रवेश द्वार तैयार किया गया है। इसी के मद्देनज़र छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुराने मुख्य द्वार को बंद करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।


बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद शिक्षक व एसएमसी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*बैठक में उप प्राचार्या सुशीला देवी, एसएमसी इंचार्ज संजय मलिक, पार्षद राजेश तंवर, शिक्षाविद् सतीश शर्मा, प्रधान मनीष कुमार, प्राध्यापक अनिल अहलावत, दिनेश कुमार, जलदीप चाहर, विजय छिल्लर, सीमा खत्री, अन्जु राणा सहित एसएमसी सदस्य अशोक, मुकेश, सुनीत, मंजीत समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।*


बहादुरगढ़। एक गाड़ी का ई चालान करते एसएचओ महेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## बेतरतीब खड़े वाहनों के ई चालान कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन खड़े करने वाले चालकों के तेजी से ई-चालान किए जा रहे हैं। वीरवार को यातायात थाना प्रभारी महेश कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर आड़े-तिरछे खड़ी गाड़ियों की तस्वीरें लीं और ऑनलाइन चालान किए। इस दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल को भी इंपाउंड किया गया, जिसमें अवैध पटाखा साइलेंसर लगा हुआ था। एसएचओ महेश कुमार ने कहा कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि बुलेट में पटाखा साइलेंसर न लगाएं, क्योंकि इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और अन्य लोगों को परेशानी होती है। नियम तोड़ने पर भारी जुर्माना और वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें और उन्हें यातायात नियमों का महत्व समझाएं। वाहन चालक हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और पार्किंग नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग बाजारों, सड़कों में वाहन खड़े कर के चले जाते हैं। इससे व्यवस्था चरमरा जाती है। इसलिए अब ई चालान किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से आग्रह किया कि उन दुकानों की भी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, जो अवैध साइलेंसर लगाते हैं या वाहन के शीशों पर काली फिल्म चढ़ाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### चमनपुरा में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**झज्जर**। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव चमनपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल करेंगे। उन्होंने कहा कि डीसी ग्रामीणों से सीधा संवाद कर



उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस अवसर का लाभ उठाएं, अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि गांव का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर**। उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में मंगलवार को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। बैठक फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में झज्जर शहरी व ग्रामीण, माछरौली व बादली क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की सुनवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर**। एसटीएफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना सदर क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झज्जर कोसली मार्ग पर कासनी नहर पुल से एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अतुल निवासी कासनी के तौर पर की गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी पर पहले भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं


बेरी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

**बेरी**। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम दुरूस्त करवाना, नई पाइप लाईन बिछवाने, परिवार की आय दुरूस्त करवाने, बीपीएल कार्ड, अवैध कब्जे हटवाने बारे एवं विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने से संबंधित शिकायतें रखी। एसडीएम ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

## सेक्टर-13 की एंट्री पर नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त होने से हादसे का खतरा

- एक महीने से ये समस्या बनी हुई है, लेकिन किसी भी विभाग ने इसकी सुध नहीं ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड पर सेक्टर-13 की एंट्री पर क्षतिग्रस्त नाले की पुलिया हादसे को न्यौता दे रही है। क्षतिग्रस्त पुलिया पर गड्ढे बन गए हैं। करीब एक महीने से ये समस्या बनी हुई है, लेकिन किसी भी विभाग ने इसकी सुध नहीं ली। मौके पर भारी वाहनों सहित दिनभर आवाजाही रहती है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। सेक्टर-13 आरडब्ल्यूए प्रधान राजबीर के अनुसार, सेक्टर-13 की मेन एंट्री पर ही समस्या गहराई हुई है। नाले की पुलिया धंस कर टूटी हुई है। कोने पर नाला भी टूटा पड़ा है। इस कारण वाहन चालक फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत एचएसवीपी के जेई से की गई, तो जवाब मिला कि यह उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता। वहीं, नगर परिषद अधिकारियों से भी यही जवाब मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कोई महकमा जिम्मेदारी ही नहीं ले रहा तो समस्या का समाधान कराएगा कौन, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। दलाल ने कहा कि समय रहते कार्रवाई होनी चाहिए। यह कोई बड़ा काम नहीं है, लेकिन लापरवाही के कारण स्थिति गंभीर हो सकती है।


बहादुरगढ़। सेक्टर-13 की एंट्री पर क्षतिग्रस्त नाले की पुलिया। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को सुपर 100 व मिशन बुनियाद की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूना माजरा में मिशन बुनियाद और सुपर-100 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बहादुरगढ़ ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में विकल्प संस्था के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद और सुपर-100 में दाखिला प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यात्रा ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से विशेषज्ञों ने बताया कि छात्र किस प्रकार तैयारी कर इस विशेष प्रतियोगी प्रशिक्षण का हिस्सा बन सकते हैं। गौरतलब है कि मिशन बुनियाद के माध्यम से अब तक सरकारी स्कूलों के 100 छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में दाखिला प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह, डीएसएस जसवीर सिंह, राजीव कटारिया, प्रिंसिपल पूनम मक्कड़ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### पलड़ा गांव में शूटिंग बॉल टूर्नामेंट सात को

**झज्जर**। क्षेत्र के आदर्श गांव पलड़ा में आगामी सात दिसंबर को पहले शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा ने बताया कि स्वर्गीय राव मैनपाल दहिया की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उसके परिवार द्वारा कराए जा रहे इस टूर्नामेंट में शुभारंभ पर संस्कारम् ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में विजेता रहने वाली टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार 1 सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पहलवान कृष्ण दहिया ने बताया कि राव मैनपाल अपने समय के नेशनल शूटिंग बॉल खिलाड़ी थे। उन्हीं की स्मृति में परिजनों द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।


बहादुरगढ़। लोगों को जागरूक करते एचसी जयवीर। फोटो : हरिभूमि

## लोगों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के दिशा-निर्देश में झज्जर पुलिस द्वारा जन-जागरूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में मुख्य सिपाही जयवीर ने ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेशन और पुराने बस स्टैंड ऑटो पार्किंग में वाहन चालकों तथा स्थानीय लोगों को यातायात नियमों व साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवर स्पीडिंग से बचने और सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की सलाह दी। साथ ही ऑटो चालकों व आम जनता को समझाया कि यातायात नियमों का पालन स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की जान की रक्षा भी करता है। मुख्य सिपाही जयवीर ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए लोगों को अनजान कॉल, लिंक या मैसेज से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने बैंक विवरण, ओटीपी और निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवालों का समाधान करते हुए उन्होंने बताया कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध रोकने का सबसे मजबूत हथियार है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## नप चेयरमैन ने किया शहर में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**झज्जर**। वीरवार को नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने विभागीय अधिकारियों के साथ शहर में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड नंबर 18 में बन रही गलियों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि काम में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में गलियों, सड़कों, नई सीवरेज पाइप लाइन बिछाने, पार्कों के सौंदर्यकरण आदि कार्य जोरों से चल रहे है। इन कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए गए है ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि प्रयास यहीं है कि आमजन को बेहतरीन सुविधाएं मिले और शहर का चहूंमुखी विकास हो। इस दौरान पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


झज्जर। निरीक्षण के दौरान उपस्थित नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी एवं विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### होटल, ढाबों पर पिलाई जा रही शराब

- आबकारी विभाग की टीम ने चिकन कॉर्नर पर दस्तक दी

**बहादुरगढ़**। शहर में कुछ होटल, ढाबों पर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। बीती रात को भी यहां पुराना बस अड्डे के निकट ऐसा देखने को मिला। दरअसल, सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने यहां एक चिकन कॉर्नर पर दस्तक दी। देखा तो यहां अवैध रूप से अहाता चलाया जा रहा था। अंदर कुछ लोग शराब पी रहे थे। अधिकारियों ने संचालक से अहाता चलाने संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने आरोपी मालिक के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज करा दिया।

**परेशानी** अस्पताल के साथ लगते मार्ग पर वर्षों से गहराई है गंदा पानी भरने की समस्या

## नागरिक अस्पताल के साथ गंदगी भरे हालात हजारों लोगों को रोजाना झेलनी पड़ रही समस्या

गंदे पानी से होकर अस्पताल में आते हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नागरिक अस्पताल के निकट स्वच्छता के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। अस्पताल के ठीक साथ से गुजर रहे मार्ग पर हर वक्त गंदा पानी भरा रहता है। रोजाना हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां तक कि इसी गंदगीभरे हालात से होकर लोग ईलाज कराने के लिए अस्पताल में जाते हैं। यह समस्या पिछले कई वर्षों से गहराई हुई है।

विभिन्न सामाजिक संगठन लगातार शासन, प्रशासन से इसके समाधान की मांग कर चुके हैं। कुछेक बार समाधान के नाम पर सफाई हुई और काम भी हुआ लेकिन हालात नहीं बदले। आज तक समस्या ज्यों की त्यों है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि गंदे पानी के कारण यहां लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। दोपहिया वाहन स्लिप हो जाते हैं और पैदल राहगीरों को अधिक मुश्किलें झेलनी पड़ती है। आशीष ने कहा कि अस्पताल के आसपास तो वैसे भी स्वच्छ वातावरण होना चाहिए, लेकिन यहां तो सड़ी हुई गंदगी सड़क पर बहती है। लोग बेशक ईलाज के लिए अस्पताल में आते हैं लेकिन इस सड़क पर गुजरते वक्त बीमारी की लेकर जाते होंगे। राजकुमार ने कहा कि प्रशासन को हजारों लोगों की परेशानी पर संज्ञान लेते हुए समाधान का रास्ता निकालना चाहिए।



- प्रशासन को हजारों लोगों की परेशानी पर संज्ञान लेते हुए समाधान का रास्ता निकालना चाहिए

बहादुरगढ़। अस्पताल के साथ लगते मार्ग पर फैली गंदगी।